# न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – प्रभा गौतम (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| **026/2024(नि.पं.)**<br>**(GCMS 2024/26)** | **14.03.2024** | **09.02.2026** |

**अनवान**

ग्राम पंचायत लोठियाना जरिये सरपंच ग्राम पंचायत लोठियाना पंचायत समिति डूंगला तहसील डूंगला जिला चित्तौड़गढ़।

**निगराकार**

**बनाम**

श्रीमती नोजीबाई पत्नी किशनलाल जाट जाति जाट उम्र वयस्क निवासी लोठियाना पंचायत समिति डूंगला तहसील डूंगला जिला चित्तौड़गढ़।

**गैर–निगराकार**

उपस्थिति :– ललित लढा, मोहित सोनगरा — निगराकार
शिव नारायण जाट — गैर–निगराकार

**निगरानी अन्तर्गत धारा 97 पंचायती राज अधिनियम, 1994**
**पट्टा संख्या 028 ग्राम पंचायत लोठियाना दिनांक 20.09.2019**

## –:: निर्णय ::–

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि निगराकार ने एक निगरानी प्रार्थना–पत्र अंतर्गत धारा 97 राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम, 1994 विरूद्ध गैर–निगराकार के विरूद्ध अधीनस्थ ग्राम पंचायत लोठियाना पंचायत समिति डूंगला द्वारा जारी पट्टा दिनांक 20.09.2019 जो कि गैर–निगराकार के पक्ष में जारी किया गया हैं के संबंध में प्रस्तुत की गई है।

इस पर निगरानी को दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैर–निगराकार को जरिये नोटिस के तलब किया गया एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायत लोठियाना से मूल अभिलेख तलब किया गया। दिनांक 13.06.2024 को गैर–निगराकार की ओर से उनके अधिवक्ता हाजिर आये एवं अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली हैं। दिनांक 26.03.2025 को गैर–निगराकार की और से जवाब पेश किया गया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में अधीनस्थ ग्राम पंचायत लोठियाना से पत्रांक/ग्रा0प0/लो0/2024–25 /101 दिनांक 26.07.2024 से मूल अभिलेख प्राप्त हुआ हैं जो कि न्यायालय हाजा में लंबित दीगर प्रकरण संख्या 050/2024(नि.प.) के साथ हम किता होकर इस पत्रावली में भी रिकार्ड पर हैं। प्रकरण में बहस पत्रावली को सुना गया।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

सर्वप्रथम विद्वान अधिवक्ता निगराकार ने अपनी बहस पत्रावली में निगरानी मेमों में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जारी निगराधीन पट्टे के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जांच किए जाने से गैर–निगरकार को न्याय नियम एवं अनियमितता पूर्ण कार्यवाही कर विधि विरूद्ध जारी किए जाने की जानकारी होने से हस्तगत निगरानी प्रस्तुत की गई है। ग्राम पंचायत द्वारा आराजी संख्या 1278/440 व 1277/436 के पट्टों में शिकायत प्राप्त होने से पर सतर्कता अनुभाग में प्रकरण रखकर जांच की गई, जांच की जाकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने का पत्र दिनांक 06.09.2023 को जारी होने पर पट्टों की जांच में पट्टे नियम विरूद्ध जारी किये जाने से पट्टे की निरस्तगी हेतु निगरानी प्रस्तुत की गई है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता गैर–निगराकार ने जवाब निगरानी में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि ग्राम पंचायत लोठियाना द्वारा जारी पट्टा गैर–निगराकर को जारी किया जो राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 के तहत जारी किया गया है। सर्तकता अनुभाग द्वार कोई जांच नहीं की गई और विपक्षीया के विरूद्ध कोई जांच उसकी उपस्थिति में नहीं हुई है और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगे जाने से निगरानी का कोई आधार नहीं बनता है। इस कारण निगरानी खारीज किये जाने योग्य हैं।

विपक्षीया को पात्रता के आधार पर ही पट्टा जारी किया गया है। विपक्षीया विधवा महिला है और निवास हेतु पट्टा जारी किये जाने में कोई भूल नहीं की है। ग्राम पंचायत लोठियाना द्वारा जारी पट्टा गैर–निगराकर को जारी किया जो राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 के तहत जारी किया गया है। निगराकार ने निगरानी अवधि बाहर पेश की गई है जो खारीज होने योग्य है। ग्राम पंचायत लोठियाना के तत्कालीन सरपंच एवं उनकी ग्राम सभा के सभी सदस्यों द्वारा विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए नियमानुसार आवेदन आमंत्रित किये एवं योग्य व्यक्ति को पट्टा जारी किया गया जिसे उप–पंजीयक डूंगला के समक्ष पंजीयन कराया गया जो एक विधिक प्रक्रिया के अनुसार नियमानुसार किया गया है।

इस पर बहस रिवटल में विद्वान अधिवक्ता निगराकार ने बताया कि निगराधीन पट्टा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 के प्रावधानों के विपरित जारी किया गया है जो निरस्त किये जाने योग्य है। राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियम 158(1) के अनुसार पंचायत 300 वर्गगज की आबादी भूमि अनुसूचित जातियों, स्वच्छकारों, अनुसूचित जनजातियों, पिछडा वर्गो के सदस्यों को, गांव कारगारों, श्रम मजदूरी पर आधारित भूमिहीन व्यक्तियों, एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम में चयनित परिवारों, विकलांगों, यायावर जनजातियों, गाडिया लुहारों के पास स्वयं के गृहस्थल/गृह नहीं हैं और ऐसे बाढग्रस्तों को भी जिनमें गृह–स्थल बाढ के कारण भावी निवास हेतु अयोग्य हो गये है, रियायती दरों पर आवंटित कर सकती है। वही नियम 158(2) के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे चयनित पविार, घुमक्कड भेड पालकों को 300 वर्गगज तक निःशुल्क आबादी भूमि आवंटन कर सकती है, लेकिन विपक्षी गैर–निगराकार के पास पहले से ही भूखण्ड उपलब्ध होते हुए भी सही

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

